विदाई उद्गार

(248वां सत्र)

श्री सभापतिः माननीय प्रधान मंत्री, विपक्ष के नेता, श्री गुलाम नबी आज़ादजी, विभिन्न दलों के नेता और इस महती सभा के सदस्यगण। एक और सत्र की समाप्ति पर यह हमारे लिए आत्मचिंतन का क्षण है, जिसमें हम इस बात का लेखा-जोखा लेते हैं कि हमने क्या हासिल किया है और क्या नहीं। मुझे भारी मन से कहना है कि राज्य सभा का यह छोटा लेकिन महत्वपूर्ण बजट सत्र भी व्यर्थ चला गया। यह केवल पिछले कुछ वर्षों में स्पष्ट हुए 'निष्क्रियात्मक पैटर्न' को पुष्ट करता है जो गंभीर चिंता का विषय है और यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

सभा के प्रभावी कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए सभा के सभी वर्गों के लिए एक 'सामूहिक विवेक' विकसित करने का समय आ गया है , ताकि इस महती सभा, जिसे वरिष्ठों की सभा के रूप में भी जाना जाता है , के महत्व को आगे और नुकसान को रोकने के लिए गहरा आत्मनिरीक्षण किया जा सके।

वरिष्ठों से आमतौर पर यह अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरों का मार्ग प्रशस्त करें। मैंने इसी आशा के साथ इस सत्र की शुरुआत की थी। मैं अभी भी आशावादी हूँ कि स्थितियाँ अवश्य बदलेंगी। मैं केवल यह आशा करता हूं कि यह जल्द से जल्द होगा। संसदीय लोकतंत्र हमारे अंततोगत्वा संरक्षक और स्वामी , हमारी जनता के प्रति जवाबदेही के माध्यम से शासन सुनिश्चित करने के बारे में है। यह न केवल विधानमंडलों द्वारा सुनिश्चित की जाने वाली 'कार्यपालिका' की जवाबदेही है, बल्कि 'विधानमंडल' और 'न्यायपालिका' की जवाबदेही भी है। विधानमंडलों की जवाबदेही और आदेशित कार्यों के निर्वहन में उनकी विफलताओं के बारे में क्या कहें ? सर्वोच्च विधानमंडल के दूसरे सदन के रूप में , राज्य सभा भी लोगों के प्रति जवाबदेह है। इसका प्रदर्शन मुझे काफी उद्विग्न करता है। जल्दी ही आयोजित किये जाने वाले आम चुनावों से पहले का अंतिम सत्र होने के कारण , हमें यह जानने की जरूरत है कि यह महती सभा किस हद तक अपनी भूमिका और लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरी।

मैं लोगों को सूचित करना चाहूंगा कि हम सब क्या कर पाए हैं। विधायिका और कार्यपालिका का यह कर्तव्य है कि वे आम चुनावों में जनता के जनादेश के अनुसार लोगों की इच्छाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के

लिए समुचित कार्यवाही करें। इस महती सभा के सभी सदस्य विधायिका के तीन महत्वपूर्ण कार्यों - विधायी , विचार-विमर्श और जवाबदेही कार्यों से भली-भांति परिचित होंगे। हमसे देश और लोगों की भलाई के लिए आवश्यक विधान बनाने , सार्वजनिक महत्व के मुद्दों पर विचार करने और वर्तमान सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने की आशा की जाती है। साक्ष्य बताते हैं कि हम लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। इसलिए, सभा के सभापति के रूप में, सदस्यों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के संरक्षक के रूप में , मुझे उम्मीद है कि आप सब भी इस बात को महसूस करेंगे और भविष्य में बेहतर निष्पादन के लिए आगे बढ़ेंगे। जून, 2014 से, राज्य सभा ने आज तक 18 सत्र और 329 बैठकें कीं और केवल 149 विधेयकों को पारित किया। इसका अर्थ है दो बैठकों में एक विधेयक से भी कम। इस अवधि के दौरान पारित विधेयक 2009-14 के दौरान पारित 188 विधेयकों की तुलना में 39 कम है और 2004-09 के दौरान इस सभा द्वारा पारित 251 विधेयकों की तुलना में 63 विधेयक कम है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि 2014 के बाद से इस सभा के विधायी कार्य निष्पादन में भारी कमी आई है।

प्रश्न काल मुख्य रूप से विद्यमान कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए होता है। शून्य काल और 'विशेष उल्लेख' करने के प्रावधान के अलावा ध्यानाकर्षण सूचनाएं और अल्पकालिक चर्चा एं सार्वजनिक महत्व और सरोकार के मुद्दे उठाने के लिए हैं। लेकिन हमने उसको पर्याप्त महत्व नहीं दिया। गंवाए गए हर प्रश्न काल का अर्थ है 40 सदस्यों द्वारा नीति, कार्यान्वयन और शासन के आठ मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगने का एक अवसर। गंवाए गए हर शून्य काल का अर्थ है 15 सदस्यों को अत्यंत सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को उठाने से वंचित करना। जून, 2014 के बाद से, विधान कार्यों और सार्वजनिक महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए उपलब्ध समय और वास्तव में उपयोग किए गए समय के मामले में , इस महती सभा की उत्पादकता केवल 60 प्रतिशत है। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? हम सभी को इस पर विचार करना होगा। पिछले पांच वर्षों में कुल 18 सत्रों में, नौ सत्रों के संबंध में सभा की उत्पादकता पांच साल की औसत 60 प्रतिशत से नीचे रही है। पारित विधेयकों की संख्या के संदर्भ में, यह संख्या 2016के शीतकालीन सत्र और 2018 के बजट सत्र के मामले में सिर्फ एक विधेयक से लेकर , 2015 के मानसून सत्र के दौरान पारित दो विधेयक, 2016 और 2018 के प्रत्येक मानसून सत्र के दौरान अधिकतम 14 विधेयक तक है। जबकि पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रति वर्ष सभा की बैठकें परिपाटी के अनुसार 60-70 दिनों तक हुई हैं , घटती उत्पादकता और विधायी कार्य गहरी चिंता का विषय है। बड़ी संख्या में विधेयक सभा के

विचाराधीन हैं, और आप सभी जानते हैं कि वे विधेयक कौन से हैं। मुझे उनकी गणना करने की आवश्यकता नहीं है। पिछले पांच सत्रों , जिनकी अध्यक्षता करने का सम्मान मुझे मिला है , के दौरान 88 बैठकों में कुल 28 विधेयक पारित किये गये, जिसका अर्थ है तीन बैठकों में एक विधेयक से कम। जबकि पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान तीन विधेयक पारित किये गये, यह बजट सत्र बहुत कम उत्पादक साबित हुआ। इस सत्र और पिछले सत्र में इस सभा के कुछ वर्गों द्वारा इस महती सभा को एक प्रकार की 'निलंबित अवस्था' में जाने पर मजबूर करने के भरसक प्रयास किये गए। इसने मुझे कुछ सदस्यों का नाम लेने के लिए मजबूर किया है , जो मैं नहीं चाहता था, लेकिन साथ ही , मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी थी, क्योंकि मैं सभा की स्थिति के बारे में जनता की धारणा से चिंतित था। आगे की तर्कसंगत कार्रवाई नहीं की जा सकी क्योंकि कुछ वरिष्ठ नेताओं ने मुझे आश्वासन दिया कि वे संबंधित पक्षों और सदस्यों के साथ बात करेंगे और उन्हें इस बात के लिए मनाएंगे कि वे सदन को और बाधित न करें। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ।

मैंने सभा के सामान्य कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए। मैं नियमित रूप से विभिन्न दलों के नेताओं से बात कर रहा हूं लेकिन मेरी पीड़ा का कोई असर नहीं दिख रहा है। इसने सदन के कुछ वर्गों की मंशा बदलने में सभापति की सीमाओं को उजागर किया। तो , यह वास्तव में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसा कि माननीय सदस्यों को पता है , मैंने सदन के सुचारू संचालन के लिए उनकी पर्याप्तता के संदर्भ में सभा के कार्य संचालन विषयक नियमों के मौजूदा प्रावधानों की जांच के लिए एक दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और जल्द ही इसे सभा की सामान्य प्रयोजन समिति को भेजा जाएगा। मैं चाहूंगा कि समिति सिफारिशों पर विचार कर एक अंतिम फैसला ले , ताकि उन्हें सभा के अगले पूर्ण सत्र से पहले प्रभावी बनाया जा सके।

माननीय सदस्यगण, आखिरकार, यह महती सभा वैसी ही होगी जैसा आप चाहेंगे - सक्रिय या निष्क्रिय। चयन सदस्यों पर निर्भर है। देश के लोग चाहेंगे कि यह एक सक्रिय सभा हो। इसलिए, हम सभी को लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखना चाहिए और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करनी चाहिए।

10 बैठकों वाले इस बजट सत्र के दौरान , 48 घंटे के उपलब्ध कुल समय की तुलना में, 44 घंटे से अधिक का समय व्यवधानों के कारण नष्ट हो गया है। इस सत्र के दौरान सदन की उत्पादकता 4.9 प्रतिशत रही है। माननीय सदस्यगण, देरी से अहसास होने और कुछ समझदारी के कारण हम इस सत्र को बिना किसी विधेयक

को पारित किए समाप्त करने की संभावना को टाल पाए। परिणामस्वरूप , आज पांच विधेयक पारित किए गए हैं जिनमें तीन वित्त विधेयक शामिल हैं। लेकिन मेरा सुझाव है कि बिना चर्चा के विधेयकों को पारित करने की परिपाटी से बचा जाए। मैं सदस्यों से भी सहमत हूं। इस सत्र के दौरान छह विधेयक पुरःस्थिपित भी किए गए हैं। इस सत्र के दौरान शून्य काल के केवल 16 निवेदन ही लिये जा सके, जिनमें कोई विशेष उल्लेख शामिल नहीं था। लेकिन हम सभी सहमत हैं कि यह पर्याप्त नहीं था। मुझे उम्मीद है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान सभा के कार्यकरण पर 'जनता को प्रतिवेदन' को माननीय सदस्यों द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। राज्य सभा के सभापति के रूप में , मेरा दायित्व है कि मैं देश और इसके लोगों को सभा के कार्य-निष्पादन के बारे में बताऊँ।

इस महती सभा के सदस्यों को जनता द्वारा निर्वाचित लोगों द्वारा चुना जाता है। आपसे बेहतर जिम्मेदारी की भावना प्रदर्शित करने और लोगों की चिंताओं और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सभा के सामान्य कामकाज को सुनिश्चित करने की आशा की जाती है।

इसलिए, हम में से हर एक को गंभीरता से सोचना चाहिए कि क्या हम सामूहिक रूप से वाद-विवाद , चर्चा की गुणवत्ता और सबसे महत्वपूर्ण बात आचरण को सुधार सकते हैं। यदि आप प्रक्रियाओं का पालन कर सकते हैं और उपलब्ध संसदीय साधनों का उपयोग कर सकते हैं , तो लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं , जिन्हें प्रस्तुत करने की आपसे आशा की जाती है , को सुना जाएगा। यदि कोलाहल और बाधाकारी घटनाएं हमारी सभा की निश्चित विशेषता बन जाती है, तो हम लोगों द्वारा हम में से प्रत्येक में जताए गए विश्वास का घात करेंगे। मुझे उम्मीद है कि हम आने वाले दिनों में और गिरावट नहीं आने देंगे। माननीय सदस्यगण , पिछले पांच वर्षों के दौरान सभी कमियों के बावजूद , राज्य सभा ने भ्रष्टाचार को रोकने और पारदर्शिता में सुधार के अलावा देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले कुछ अभिनव विधेयकों को पारित किया। इसमें निम्नलिखित शामिल है:

1. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का उपबंध करने वाला संविधान (124 वां संशोधन) विधेयक, 2019;
2. जीएसटी आरम्भ करने के लिए संविधान (122 वां संशोधन) विधेयक , 2014 और नौ अन्य संबंधित विधेयक ;

3. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन विधेयक, 2015 और 2018;
4. बच्चों के यौन शोषण को रोकने के लिए दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 2018;
5. भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018;
6. भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, 2018;
7. काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और आस्ति) और कर अधिरोपण विधेयक, 2015;
8. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता , 2016 और संबंधित संशोधन विधेयक , 2017;
9. पिछड़े वर्गों के लिए एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना के लिए संविधान (123 वां संशोधन) विधेयक, 2017;
10. खरीददारों के हित की रक्षा और महत्वपूर्ण भू-संपदा क्षेत्र में विश्वास और इसकी विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए भू-संपदा (विनियमन और विकास) विधेयक, 2016;
11. खानों की नीलामी के लिए कोयला खदान (विशेष उपबंध) विधेयक, 2015 के अतिरिक्त खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक , 2015 और 2016;
12. आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्ष्यित परिदान) विधेयक, 2016;
13. बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2016;
14. वाणिज्यिक न्यायालय, उच्च न्यायालय वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपील प्रभाग विधेयक, 2015; तथा
15. निःशक्त व्यक्ति अधिकार विधेयक, 2016

माननीय सदस्यगण, हम सभी को वर्तमान धारणा का ध्यान रखना चाहिए और हमें यह देखना चाहिए कि आने वाले दिनों में हम अपने निष्पादन में सुधार करें। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि कार्यवाही में बाधा को संसदीय लोकतंत्र की पसंदीदा पद्धति के रूप में उभरने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हमारा राष्ट्र गणतंत्र के 70वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। विधायिका और उनके सम्मानित सदस्यों को अपनी नेक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। वरिष्ठों की सभा के रूप में ,

हमें उदाहरण के द्वारा नेतृत्व करने की आवश्यकता है। यह एक विशेषाधिकार है जो जनता कुछ लोगों को सौंपती है। उम्मीदें ज्यादा हैं। हमारी ज़िम्मेदारियाँ दुर्वह हैं। हम खोए हुए अवसरों पर पछतावा नहीं कर सकते हैं।

अगली बार जब हम मिलें, तो हमें एक नया अध्याय लिखना चाहिए, एक ऐसा अध्याय जिस पर हम सभी आने वाले दिनों में गर्व कर सकें।

माननीय सदस्यगण, मेरे पास एक छोटी अच्छी खबर भी है। राज्य सभा टीवी इस महती सभा की संपत्ति है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस महीने की 4 तारीख को आरएसटीवी यू-ट्यूब ग्राहकों के मामले में 2 मिलियन का आंकड़ा पार कर गया है और अग्रणी चैनलों में से एक के रूप में उभरा है जो तब से अब तक पांच गुना बढ़ चुका है।

यह सभा की कार्यवाही और संबंधित सामग्री में लोगों की रुचि को दर्शाता है। माननीय सदस्यगण इसे ध्यान में रखें। यद्यपि यह सत्र बहुत उत्पादक नहीं था, मैं सभी सदस्यों को, कम से कम आज समापन दिवस के लिए, धन्यवाद देना चाहता हूँ। सत्र का समापन सकारात्मक रहा और यह एक अच्छी बात हुई। माननीय सदस्यगण, मैंने इस संस्था , वरिष्ठों की सभा के सभापति के रूप में अपनी जिम्मेदारी के हिस्से के रूप में लोगों को यह बताने के लिए कि क्या हुआ है , क्या नहीं हुआ है , क्या अपेक्षित है और हमें भविष्य में क्या करना चाहिए , यह सब बाते आपके समक्ष रखी हैं और सभापति द्वारा इस विदाई उद्गार , जो सदैव व्यक्त किये जाते हैं, का यही उद्देश्य होता है। अब सभा को अनियत तिथि से लिए स्थगित करने से पहले कृपया राष्ट्रीय गीत के लिए खड़े हो जाएं।

(राष्ट्रीय गीत, वन्देमातरम् की धुन बजाई गई।)

श्री सभापति : सभा अनियत तिथि के लिए स्थगित की जाती है।